बिहार सरकार
बिहार कौशल विकास मिशन
श्रम संसाधन विभाग
बिहार, पटना।

पत्रांक–बी0एस0डी0एम0/SDI–25/2016 – 84 पटना, दिनांक– 19-01-2018

प्रेषक,

दीपक कुमार सिंह,
प्रधान सचिव–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार कौशल विकास मिशन,
नियोजन भवन, बेली रोड, पॉचवा तल–ए वींग,
श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी कौशल विकास केन्द्र समन्वयक,
सभी कौशल विकास केन्द्र Learning Facilitator,
सभी कौशल विकास केन्द्र संचालक।

विषयः– कुशल युवा कार्यक्रम के Learning Facilitator के लिए ऑनसेट की नई परीक्षा प्रणाली के संबंध में।

महाशय,

आप सभी अवगत है कि कुशल युवा कार्यक्रम राज्य सरकार के प्रमुख कार्यक्रमों में से एक है। बिहार कौशल विकास मिशन कुशल युवा कार्यक्रम के गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण के लिए प्रतिबद्ध है, तथा नित्य नये आयामों के लिए कटिबद्ध है। इसी कड़ी में अगले मार्च माह से कुशल युवा कार्यक्रम के पाठ्यक्रम में बदलाव किया जा रहा है। प्रशिक्षण की गुणवत्ता प्रशिक्षक के गुणवत्ता पर निर्भर करता है, अतएव कुशल युवा कार्यक्रम के Learning Facilitator की दक्षता की जाँच हेतु नई प्रणाली से परीक्षा की व्यवस्था की जा रही है। अब Learning Facitilator की परीक्षा दो चरणों में आयोजित हो रही है।

- **प्रथम चरण**

  OnCET for Process:- इस परीक्षा में Learning Facilitator को ERA Framework तथा कुशल युवा कार्यक्रम परिचालन कार्य संबंधी प्रश्न पुछे जायेगे।

- **द्वितीय चरण**

  OnCET for Proficiency:- इस परीक्षा का पाठ्यक्रम कुशल युवा कार्यक्रम के पाठ्यक्रम तथा अग्रेजी ज्ञान, संवाद कौशल आदि पर आधारित होगा। Learning Facitilator को इस पाठ्यक्रम एवं अध्ययन सामग्री हेतु अभिगम (Access) प्रदान किया गया है । इसके साथ–साथ पाठ्यक्रम, अध्ययन सामग्री अलग से भेजी गई है तथा Online भी उपलब्ध करायी गई है।

उपरोक्त के आलोक में निदेश दिया जाता है किः-

1. दिनांक 23.01.2018 तक सभी कौशल विकास केन्द्र अपने-अपने Learning Facilitator की सूची पोर्टल पर अद्यतन करना सुनिश्चित करेगें। पोर्टल पर नामित Learning Facilitators में से किसी Learning Facilitator को Delete अथवा नया Learning Facilitator को दिनांक 23.01.2018 तक जोड़ा जा सकता है।
2. पोर्टल पर नामित Learning Facilitator का ही OnCET Examination लिया जायेगा।
3. Learning Facilitator का OnCET Examination संबंधित जिला के चयनित परीक्षा केन्द्र पर सघन निगरानी में लिया जायेगा। परीक्षा केन्द्र की सूचना आपको अलग से उपलब्ध करायी जायेगी।
4. Learning Facilitator का OnCET Examination दिनांक 28.01.2018 को आयोजित किया जायेगा।
5. सभी केन्द्रों के Learning Facilitator में से फरवरी 2018 तक कम से कम एक Learning Facilitator को नया OnCET Examination उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा अन्यथा मार्च 2018 से कम से कम एक Learning Facilitator को नया OnCET Examination उत्तीर्ण हाने तक नामांकन रोक दिया जायेगा।

अतः सभी कौशल विकास केन्द्रों को निदेश दिया जाता है कि दिनांक 23.01.2018 तक अपने अपने Learning Facilitator की सूची को पोर्टल पर अद्यतन कर दें तथा नया OnCET Examination की तैयारी प्रारंभ करने का निदेश दे, ताकि आपके सेंटर का नामांकन बाधित नही हो। **यहाँ यह स्पष्ट किया जाता है कि जो LF, पिछले दिसम्बर या इस जनवरी माह में process Oncet दे चुके हैं/ उत्तीर्ण हो चुके हैं, उन्हें भी फिर से इस नई प्रक्रिया के अनुसार चयनित परीक्षा केन्द्रों में process Oncet में बैठना/उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा एवं पूर्व के परीक्षा को अब कोई मान्यता नहीं दी जायेगी ।**

विश्वासभाजन

19/1/18

(दीपक कुमार सिंह)
प्रधान सचिव-
सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार कौशल विकास मिशन।